(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) विलंब के क्या कारण हैं ?

जल-मूतल परिवहन मंत्री तथा संचार मंत्री (श्री के० पी० उन्नीकृष्णन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) सलाहकार समिति के गठन सम्बन्धी नीति की समीक्षा की जा रही है । नीति को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इन समितियों का गठन किया जायेगा ।

Yoga classes in foreign countries

234. SHRJ KAILASH PATI MISHRA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) the country-wise number of persons abroad who attend Yoga classes being helped by the Indian Embassies;

(b) what is the number of Yoga teachers so engaged and how many more are proposed to be sent abroad for the said proposed classes; and

(c) whether there are requests from more countries for such classes; if so, what are their names and what steps are being taken to meet their requests ?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI I. K. GUJRAL): (a)

Moscow (USSR).. 150 persons

Suva (Fiji).... 30 persons;

(b) One teacher each in Moscow and Suva. A second Yoga teacher is proposed to be deployed in Moscow.

दूरदर्शन और आकाशवाणी को स्वायत्तता

235. डा० रत्नाकर पाण्डेय :
श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी :
श्री कपिल वर्मा :
श्रीमती वीणा वर्मा :
श्री पशुपतिनाथ सुकुल :
श्रीमती सुधा विजय जोशी :
श्री बैकुंठनाथ साहू :
श्रीमती सूर्यकांता जयवंतराव पाटिल :
श्री सत्यप्रकाश मालवीय :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन और आकाशवाणी को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए प्रस्तावित योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा अंतिम निर्णय कब तक ले लिए जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० उपेन्द्र) : (क) और (ख) स्वायत्त प्रसारण निगम बनाने से संबंधित विधेयक संसद के इसी सत्र में प्रस्तुत किया जा रहा है ।